# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर-दिसम्बर 2022

## परीक्षा का नाम : विशारद प्रथम (प्रथम प्रश्नपत्र)

## विषय : तबला-पखावज

**दि. 20/11/2022 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75**

**सूचना :** 1) कोई पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2) सभी प्रश्न के अंक समान है । 3) प्रश्न क्रमांक 7 अनिवार्य है । 4) अन्य 6 में से 4 उत्तर लिखे ।

---

प्र. 1 बहुविकल्पिय प्रश्न । (15)

1) ताल रचना के नियमानुसार खाली सर्वप्रथम किस स्थान पर रखी जाती है ?

अ) मध्य में ब) सम पर क) इनमें से कोई नही

2) ताल के बिच में विभाग दिखाने की पध्दति कौन सी ताल–पध्दती में नही है ?

अ) पं.भातखण्डे ब) पं.पलुस्कर क) इनमे से कोई नही

3) निम्न में से कौन से ताल में पहली मात्रा पर खाली आती है ?

अ) रुपक ब) तेवरा क) सूलताल

4) निम्न में से तालों की कौन सी जोडी समान मात्राओं की है ?

अ) आडाचौताल–चौताल ब) अद्धा–दिपचंदी

क) झपताल–सूलताल

5) निम्न में से किस घराने में पेशकार से एकल तबला–वादन की शुरआत होती है ?

अ) बनारस ब) लखनऊ क) अजराडा

6) आमद यह रचना का किस विधा में ज्यादा उपयोग होता है ?

अ) तंतु वाद्य में ब) नृत्य में क) गायन में

7) मुखडा और मोहरा में क्या फरक है?

अ) मुखडा मोहरे से बडा है।

ब) मोहरा मुखडा से बडा है।

क) मुखडा और मोहरा दोने समान है।

8) 'गत परन' यह रचना कौन से वाद्य पर बजायी जाती है?

अ) तबला　　ब) पखावज　　क) मृदंगम्

9) रेला में किन बोलों का उपयोग ज्यादा होता है?

अ) धातीधागे　　ब) धात्रकधिकिट　क) धिरधिर किटतक

10) 'मंजीरा' निम्न में से कौन से वाद्य विभाग के अंतर्गत आता है?

अ) अवनध्ध　　ब) सुषिर　　क) धन

11) सुषिर वाद्यों के अंतर्गत कौन सा वाद्य आता है?

अ) हार्मोनियम　　ब) बांसुरी　　क) अ और ब दोनों

12) चतस्त्र जाति का कायदा कौन सी लय कहलाता है?

अ) आडी लय　　ब) सीधी लय　　क) कुआडी लय

13) मिश्र जाति में कौन सी गिनती होती है?

अ) 3-4　　ब) 2-3　　क) 4-5

14) पं.भातखण्डेताललिपी अनुसार 'ताली' दर्शाने हेतू निम्न में से किसका अनुक्रमांक दिया जाता है ?

अ) मात्रा का　　ब) ताली का　　क) दोनों का

15) झपताल / सूलताल का टुकडा तिनताल में चक्रदार बजाने के लिए कितनी मात्राओं का एक पल्ला रखना चाहीए?

अ) 11　　ब) 21　　क) इनमे से कोई नही

**प्रश्न 2** **निम्नलिखित संज्ञाओं का भेद सोदाहरण स्पष्ट करे। (5X3=15)**
**(कोई 3)।**

1) मुखडा – मोहरा

2) चलन – रौ

3) फरमाईशी च्रकदार – कमाली चक्रदार

4) पेशकार – कायदा

5) ताल – ठेका

**प्रश्न 3** **ताल और ठेका में अंतर स्पष्ट करके, ताल रचना के (5+10= 15)**
**सिध्दांत पर चर्चा करे।**

**प्रश्न 4** **समान मात्राओं की दो ताल–जोडी समझाकर (9 + 6 = 15)**
**सभी तालों के दो–दो किस्म लिखे।**

**प्रश्न 5** **भारतीय संगीत वाद्यों के वर्गीकरण के बारे में (9 + 6 = 15)**
**समझाकर, एक अवनध्द और एक सुषिर वाद्य के**
**उपयोग के बारे में बताईये।**

**प्रश्न 6** **लय और लयकारी के बारे में विस्तृत समझाकर (10 + 5 = 15)**
**ताल त्रिताल कुआडी और ताल सुलताल बिआडी लय**
**में आवर्तन में एक बार लिखकर सम पर आए।**

**प्रश्न 7** **लिपिबध्द किजिए। (कोई तीन) (5X3 = 15)**

सा) पंचम सवारी में एक कायदा एक पल्टा और तिहाई के साथ।

रे) झपताल / सूलताल में एक टुकडा और एक तिपल्ली।

ग) रुपक / तेवरा की तिगुन और चौगुन आवर्तन में एक साथ
लिखकर सम पर आए।

म) त्रिताल में तिस्त्र जाति का कायदा एक पल्टा और तिहाई के साथ।

प) झपताल / सूलताल में एक फरमाईशी चक्रदार।

ध) आडा चौताल / धमार की आडी और तिगुन एक ही आवर्तन एक साथ लिखकर सम पर आए।